जिला सूचना कार्यालय हरिद्वार।
निकट देवपुरा चौक, पुरानी कचहरी, हरिद्वार।
E-mail: suchnaharidwar@gmail.com दूरभाष : 01334–226695, मोबाइलः 9412074595

दिनांक : 15.05.2017

प्रेस विज्ञप्ति

जिलाधिकारी दीपक रावत ने सिंहद्वार, लाल पुल, सीतापुर चौक एवं चण्डी चौक पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ एन.एच. के कार्यों का निरीक्षण किया। सिंहद्वार पर कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने एन.एच.के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कांवड़ मेले से पूर्व 01 जुलाई तक कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने सिंहद्वार पर बनने वाले 400 मीटर के फ्लाई ओवर के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने रोड़ीबेलवाला और मण्डी चौक पर भी कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदाई संस्था को निर्देश दिये कि मशीनरी एवं मेन पावर बढ़ाई जाए। 01 जुलाई तक कार्य पूर्ण कर हैण्डओवर किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य स्थानों पर साइनेज की प्रोपर व्यवस्था की जाए। श्री रावत ने एन.एच के अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाल पुल के समीप आर.ओ.बी. अन्डर पास का कार्य 20 दिन के अन्दर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि एन.एच के कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

चण्डी चौक पर निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि चण्डी चौक के सामने बनने वाले फ्लाई ओवर के कार्य में साथ ही 15 दिन के अन्दर सर्विस रोड़ बनाने तथा रोड़ का चोड़ीकरण करने के निर्देश दिये ताकि जाम से निजात मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि एन.एच. के अधिकारी एवं अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग कार्य प्रगति की प्रतिदिन की रिपोर्टिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्य में तेज लाने तथा समस्याओं के समाधान के लिए एक वट्सएप ग्रुप भी बनाया जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ ललित नारायण मिश्र, एस.पी.सिटी प्रमेन्द्र डोभाल, नगर मजिस्ट्रेट जय भारत सिंह, सचिव अच.आर.डी.ए. अरविन्द पाण्डेय, डिप्टी कलक्टर संगीता कनोजिया, परियोजना निदेशक एन.एच. प्रदीप गोसांई, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग यू.एस.रावत, अधिशासी अभियन्ता हाईडिल वी.एस.पंवार, सी.ओ. जे.पी. जुयाल, मनोज कत्याल, तहसीलदार हरिद्वार सुनेना राणा, एस.के चावला आदि उपस्थित थे।

जिला सूचना अधिकारी
हरिद्वार